भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग**,** नई दिल्ली

29 मार्च 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा औरंगाबाद, बिहार में आयोजित जन-सभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

एनडीए बिहार की 40 की 40 सीटें जीतने जा रही है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता श्री नरेन्द्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने हेतु एनडीए के तीनों घटक दलों भाजपा, जद (यू) और लोजपा को भरी बहुमत से विजयी बनाने के लिए कृतसंकल्पित हो जाएँ

****

कांग्रेस के 'क', हम के 'ह' और राजद व आरएलएसपी के 'र' से 'कहर' बनता है। यदि गलती से भी ये महामिलावटी ठगबंधन के लोग सत्ता में आये तो बिहार की जनता पर इनके भ्रष्टाचार और अपराध का 'कहर' टूटेगा

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार और श्री सुशील मोदी के नेतृत्व में भार लालटेन युग से 'एलईडी' तक पहुंचा है, लूट-खसोट से लॉ एंड ऑर्डर के शासन तक पहुंचा है, चारा घोटाले से गोधन की सुरक्षा तक है और 'गुंडाराज' से 'जनता राज' तक पहुंचा है

****

जिस शहाबुद्दीन ने बिहार में अपराध का तांडव किया, उसकी पत्नी को राजद ने लोक सभा का टिकट दिया है। यदि बिहार में महामिलावटी ठगबंधन को ज़रा भी मौक़ा मिला तो बिहार में फिर से 'जंगल राज' कायम हो जाएगा और यदि केंद्र में पुनः मोदी सरकार आई तो बिहार देश का सर्वोत्तम प्रदेश बनेगा

****

लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल में बिहार की विकास दर जहां केवल 3.9% थी, वहीं नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में यह बढ़ कर 11.3% पर पहुँच गई है। लालू यादव के समय राज्य की प्रति व्यक्ति आय में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हो रही थी, वहीं एनडीए के कार्यकाल में यह 30% तक बढ़ी है

****

राहुल गाँधी, राहुल गाँधी के गुरु सैम पित्रोदा और कांग्रेस पार्टी के तमाम नेता एयरस्ट्राइक का सबूत मांगने लगे, कहने लगे कि पाकिस्तान से बातचीत होना चाहिए। देश की जनता बताये कि हम पाकिस्तान से बातचीत करें या आतंकियों को मौत के घाट उतारें

****

यह न्यू इंडिया है, यह मोदी सरकार है - आतंकवादियों को उसी की भाषा में जवाब दिया जाएगा। भारत रुकने वाला नहीं है

****

एक लाइव सैटेलाईट को मिसाइल से नष्ट कर हम अंतरिक्ष में चौथी महाशक्ति बने हैं लेकिन महामिलावटी ठगबंधन के लोग इस पर भी छींटाकशी कर रहे हैं। भारत के बढ़ते क़दमों से इन्हें जलन होती है, इन्हें केवल अपना वोटबैंक प्यारा है

****

जिस ठगबंधन का नेता, नीति और सिद्धांत ही तय नहीं है, उसके हाथों में देश की बागडोर सौंपा नहीं जा सकता। महामिलावटी ठगबंधन के नेता सत्ता के लिए बस झगड़ा कर सकते हैं, देश की सुरक्षा के लिए काम नहीं कर सकते

****

राहुल गाँधी मोदी सरकार का हिसाब मांगते हैं लेकिन बिहार की जनता कांग्रेस पार्टी के एक परिवार की चार पीढ़ियों का हिसाब मांग रही है। क्या कारण है कि आजादी के बाद कांग्रेस की 55 वर्षों की सरकार में बिहार विकास में पिछड़ता ही चला गया?

****

10 साल तक केंद्र में सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार रही जो लालू यादव के समर्थन से चल रही थी लेकिन उन्होंने बिहार को अंतिम पांच वर्षों में केवल 1,93,000 करोड़ रुपये ही दिए जबकि मोदी सरकार ने बिहार के लिए लगभग 6,06,000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की

****

यह मोदी सरकार है जिसने सामान्य वर्ग के गरीब बच्चों को 10% आरक्षण देने का कदम उठाया है। 1955 से देश की जनता पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता देने की मांग कर रही थी, इस कार्य को भी मोदी सरकार ने पूरा किया है

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को गरीबी, भ्रष्टाचार और अपराध से मुक्त करने का बीड़ा उठाया है। इसके परिणाम धरातल पर मिलने लगे हैं

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज बिहार के औरंगाबाद में आयोजित विशाल जन-सभा को संबोधित किया और प्रदेश की जनता से देश के विकास, देश की सुरक्षा एवं बिहार की समृद्धि के लिए केंद्र में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' बनाने की अपील की।

श्री शाह ने कहा कि **बिहार में एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड) और लोक जनशक्ति पार्टी का विकास के प्रति समर्पित गठबंधन है, वहीं दूसरी ओर राजद, कांग्रेस, हम, रालोसपा जैसे महामिलावटी लोगों का ऐसा ठगबंधन है जिसके नेता, नीति और सिद्धांत का कोई अता-पता ही नहीं है।** मैं इन महामिलावटी ठगबंधन के लोगों से पूछता-पूछता रह गया कि आपका नेता कौन है लेकिन ये जवाब ही नहीं देते। **जिस ठगबंधन का नेता, नीति और सिद्धांत ही तय नहीं है, उसके हाथों में देश की बागडोर सौंपा नहीं जा सकता। महामिलावटी ठगबंधन के नेता सत्ता के लिए बस झगड़ा कर सकते हैं, देश की सुरक्षा के लिए काम नहीं कर सकते।** उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब केवल और केवल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार और उप-मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी के नेतृत्व में विकास बिहार के जन-जन तक पहुंचा है। लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल में बिहार की विकास दर जहां केवल 3.9% थी, वहीं नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के समय यह बढ़ कर 11.3% पर पहुँच गई है। लालू यादव के कार्यकाल में जहां बिहार की प्रति व्यक्ति आय में कोई बढ़ोत्तरी नहीं हो रही थी, वहीं एनडीए के कार्यकाल में यह 30% तक बढ़ी है।** चाहे कृषि हो, रोड और रेल कनेक्टिविटी हो या शिक्षा और स्वास्थ्य का क्षेत्र हो, एनडीए के नेतृत्व में बिहार ने अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि अकेले औरंगाबाद में उज्ज्वला योजना के तहत लगभग 27 हजार महिलाओं को गैस कनेक्शन मिला है, आयुष्मान योजना के तहत 1।80 लाख परिवार जुड़े हैं, लगभग 20 हजार गरीबों को आवास मिला है, 2।44 लाख शौचालयों का निर्माण हुआ है और हजारों हेक्टेयर की भूमि सिंचित हुई है।

राहुल गाँधी पर हमला करते हुए श्री शाह ने कहा कि **राहुल गाँधी मोदी सरकार का हिसाब मांगते हैं लेकिन बिहार की जनता कांग्रेस पार्टी के एक परिवार की चार पीढ़ियों का हिसाब मांग रही है।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस ने आजादी के बाद 55 वर्षों तक देश में शासन किया लेकिन बिहार विकास में पिछड़ता ही चला गया।** उन्होंने कहा कि **10 साल तक केंद्र में सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार रही जो लालू यादव के समर्थन से चल रही थी लेकिन उन्होंने बिहार को अंतिम पांच वर्षों में केवल 1,93,000 करोड़ रुपये ही दिए जबकि मोदी सरकार ने बिहार के लिए लगभग 6,06,000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की।**

श्री शाह ने बिहार की जनता को लालू यादव के जंगल राज की याद दिलाते हुए कहा कि **जिस शहाबुद्दीन ने बिहार में अपराध का तांडव किया, उसकी पत्नी को राजद का लोक सभा का टिकट दिया गया है।** उन्होंने कहा कि **यदि बिहार में तथाकथित महामिलावटी ठगबंधन को ज़रा भी मौक़ा मिला तो बिहार में फिर से 'जंगल राज' कायम हो जाएगा और यदि केंद्र में पुनः मोदी सरकार आई तो बिहार देश का सर्वोत्तम प्रदेश बनेगा।**

बिहार में विपक्षी ठगबंधन पर कड़ा हमला जारी रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **कांग्रेस के 'क', हम के 'ह' और राजद व आरएलएसपी के 'र' से 'कहर' बनता है। यदि गलती से भी ये महामिलावटी ठगबंधन के लोग सत्ता में आये तो बिहार की जनता पर इनके भ्रष्टाचार और अपराध का 'कहर' टूटेगा।** उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार और श्री सुशील मोदी के नेतृत्व में भार लालटेन युग से 'एलईडी' तक पहुंचा है, लूट-खसोट से लॉ एंड ऑर्डर के शासन तक पहुंचा है, चारा घोटाले से गोधन की सुरक्षा तक है और 'गुंडाराज' से 'जनता राज' तक पहुंचा है।**

श्री शाह ने कहा कि आजादी से अब तक सामान्य वर्ग के गरीब बच्चों के लिए आरक्षण की मांग की जा रही थी लेकिन कांग्रेस पार्टी और लालू प्रसाद यादव ने इस दिशा में कुछ भी नहीं किया। **यह मोदी सरकार है जिसने सामान्य वर्ग के गरीब बच्चों को 10% आरक्षण देने का कदम उठाया है। 1955 से देश की जनता पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता देने की मांग कर रही थी, इस कार्य को भी मोदी सरकार ने पूरा किया है।**

पुलवामा हमले में शहीद बिहार के सपूत श्री रतन ठाकुर और श्री संजय कुमार सिन्हा की शहादत को नमन करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के बल पर वायुसेना के शौर्य ने जब पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया तो महामिलावटी ठगबंधन में खलबली मच गई। **राहुल गाँधी, राहुल गाँधी के गुरु सैम पित्रोदा और कांग्रेस पार्टी के तमाम नेता एयरस्ट्राइक का सबूत मांगने लगे, कहने लगे कि पाकिस्तान से बातचीत होना चाहिए। देश की जनता बताये कि हम पाकिस्तान से बातचीत करें या आतंकियों को मौत के घाट उतारें।** सभा में उपस्थित जनता ने एक स्वर में आतंकवादियों को ख़त्म करने की बात का समर्थन किया। श्री शाह ने कहा कि **यह न्यू इंडिया है, यह मोदी सरकार है - आतंकवादियों को उसी की भाषा में जवाब दिया जाएगा। भारत रुकने वाला नहीं है।**

श्री शाह ने कहा कि **एक लाइव सैटेलाइट को मिसाइल से नष्ट कर हम अंतरिक्ष में चौथी महाशक्ति बने हैं लेकिन महामिलावटी ठगबंधन के लोग इस पर भी छींटाकशी कर रहे हैं। हमें तो पता ही नहीं चलता कि आखिर इन ठगबंधन के लोगों के मन में है क्या? भारत के बढ़ते क़दमों से इन्हें जलन होती है, इन्हें केवल अपना वोटबैंक प्यारा है।**

मोदी सरकार की गरीब कल्याण की नीतियों की विस्तार से चर्चा करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को गरीबी, भ्रष्टाचार और अपराध से मुक्त करने का बीड़ा उठाया है। इसके परिणाम धरातल पर मिलने लगे हैं।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि **एनडीए बिहार की 40 की 40 सीटें जीतने जा रही है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता श्री नरेन्द्र मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने हेतु एनडीए के तीनों घटक दलों भाजपा, जद (यू) और लोजपा को विजयी बनाने के लिए कृतसंकल्पित हो जाएँ।**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव